# आपके बच्चे की सहायता करने के लिए सेवाएँ

जब आपका बच्चा पहली बार स्कूल या स्कूल बोर्ड प्रशासनिक कार्यालय में आता है, तो उसके फ्रेंच के ज्ञान का मूल्यांकन किया जाएगा। आपके बच्चे के गणित कौशल का भी परीक्षण किया जा सकता है, और उसका साक्षात्कार लिया जा सकता है। आप को वह जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा जा सकता है जो आपके बच्चे की स्कूल से पूर्व की शिक्षा को समझने और किन्हीं भी आवश्यक सेवाओं की पहचान करने में स्कूल के प्रिन्सिपल की सहायता करेगी।

अन्य बातों के अलावा, टेस्ट यह निर्धारित करने में सहायता करेगा कि क्या आपके बच्चे को स्कूल में फ्रेंच में भाग लेने और विभिन्न कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए **स्वागत संबंधी (वेलकमिंग) और फ्रेंच सीखने संबंधी (फ्रेंच लर्निंग) समर्थन सेवाओं** की आवश्यकता है। जब तक आपका बच्चा सभी विषय क्षेत्रों में फ्रेंच में दिए गए निर्देश का सामान्य रूप से सामना करने में सक्षम नहीं हो जाता है वह इन सेवाओं को नियमित रूप से किसी कक्षा में या नए आगन्तुकों के लिए किसी विशेष स्वागत संबंधी कक्षा में प्राप्त कर सकता है।

जहाँ आवश्यकता हो वहाँ समर्थन उपलब्ध कराने, और छात्रों के सफल होने में सहायता करने के लिए **पूरक शैक्षिक सेवाएँ** स्कूलों में भी उपलब्ध हैं। ये सेवाएँ उपचारात्मक शिक्षकों (प्रायः संसाधन शिक्षक कहलाते हैं), उदाहरणार्थ, स्पीच थेरेपिस्ट, मनोशिक्षकों या मनोवैज्ञानिकों द्वारा दी जा सकती हैं।

**अन्य सेवाएँ** भी उपलब्ध हैं: स्कूल परिवहन (कुछ शर्तें लागू), डेकेयर सेवाएँ या लंच के समय देख-भाल, कैटरिंग या कैफेटेरिया भोजन, आदि। हालाँकि, ये अतिरिक्त सेवाएँ निःशुल्क नहीं हैं। आपके बच्चे का स्कूल आपको बताएगा कि यह इनमें से कौन सी सेवाएँ प्रदान करता है।

# आप के लिए भी सेवाएँ

**प्रौढ़ सामान्य शिक्षा** कार्यक्रमों का एक सेट प्रदान करती है जिसे चालू वर्ष के 30 जून को 16 या अधिक आयु वर्ग के लोगों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। यह स्कूल बोर्डों द्वारा दी जाती है।

फ्रांसाइजेशन सेवाएँ प्रौढ़ शिक्षा केंद्रों पर उपलब्ध हैं। ये कक्षाएँ फ्रेंच भाषा को लिखने और बोलने के बुनियादी कौशलों को विकसित करने में आपकी सहायता करेंगी। वे आप के लिए क्यूबेक समाज में एकीकृत होना आसान बना देंगी, और आपको आगे की शिक्षा या श्रम बाजार में प्रवेश करने के लिए तैयार करेंगी।

अन्त में, सभी स्कूल बोर्ड स्वागत, रेफरल, परामर्श और सहायता सेवाएँ प्रदान करते हैं।

वे आपकी ऐसी प्रशिक्षण योजना बनाने में सहायता करेंगे जो आपके निजी और पेशेवर लक्ष्यों को पूरा करती हों।



आप्रवासी माता-पिता के लिए सूचना



# क्युबेक और इसके फ्रेंच पब्लिक स्कूलों में आपका स्वागत है

क्यूबेक में, 80% जनसंख्या फ्रेंच बोलती है, और फ्रेंच आधिकारिक भाषा है। इसलिए आपके बच्चों को अपने माध्यमिक अध्ययन के अंत तक स्कूल में फ्रेंच में अवश्य भाग लेना चाहिए।

6 से 16 वर्ष के बीच की आयु के सभी बच्चों के लिए स्कूल में उपस्थिति निःशुल्क और अनिवार्य है। स्कूल का वर्ष अगस्त के अंत या सितंबर के शुरू में आरंभ होता है और आम तौर पर जून के अंत में समाप्त होता है। बच्चे हर वर्ष कम से कम 180 दिनों तक स्कूल में भाग लेते हैं।

क्यूबेक का शिक्षा और उच्च शिक्षा मंत्रालय (Ministère de l'Éducation et de l'Enseignement supérieur) शिक्षा व्यवस्था के लिए उत्तरदायी है, स्कूलों का प्रबंधन करने और प्रीस्कूल, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा सेवाएँ आयोजित करने का कार्य स्कूल बोर्डों को सौंपा जाता है। सब मिला कर, क्यूबेक में 72 स्कूल बोर्ड हैं।

# शिक्षा का स्तर

## प्रीस्कूल शिक्षा
(6 वर्ष से कम आयु)

प्रीस्कूल शिक्षा, जो “maternelle” के रूप में भी जानी जाती है, ऐसे बच्चों के लिए एक पूर्णकालिक आधार (सोमवार से शुक्रवार प्रति दिन 4 घंटे 15 मिनट तक) पर उपलब्ध है जो वर्तमान स्कूल वर्ष के 30 सितंबर तक 5 वर्ष की आयु के हो गए हैं। कुछ क्षेत्रों में, स्कूल बोर्ड 4-वर्ष-के बच्चों के लिए भी प्रीस्कूल कक्षाएँ प्रस्तावित करते हैं।

यद्यपि बच्चों के लिए किंडरगार्टन में उपस्थित होना अनिवार्य नहीं है, तथापि 5-वर्ष-के अनुमानतः 98% बच्चों का नामांकन किया जाता है। अन्य बातों के अलावा, किंडरगार्टन ऐसे बच्चों को जो फ्रेंच नहीं बोलते हैं, भाषा सीखना शुरू करने का एक अवसर प्रदान करता है और उन्हें प्राथमिक स्कूल के लिए तैयार करने में भी सहायता करता है।

## प्राथमिक शिक्षा
(6 से 12 वर्ष की आयु)

प्राथमिक शिक्षा ऐसे बच्चों को जो वर्तमान स्कूल वर्ष के 30 सितंबर को 6 वर्ष या अधिक आयु के हैं, सोमवार से शुक्रवार तक, प्रति दिन पाँच घंटों तक दी जाती है। सामान्यतया बच्चे छह साल तक प्राथमिक स्कूल में भाग लेते हैं।

## माध्यमिक शिक्षा
(12 से 18 वर्ष की आयु)

माध्यमिक शिक्षा ऐसे बच्चों को जो 12 से 18 वर्ष की आयु के हैं सोमवार से शुक्रवार तक, प्रति दिन पाँच घंटों तक दी जाती है। सामान्यतया बच्चे पाँच साल तक माध्यमिक स्कूल में भाग लेते हैं। प्रथम दो वर्षों के दौरान सिखाये गए विषय सभी छात्रों के लिए लगभग एक जैसे होते हैं। तीसरे वर्ष के शुरू में, हालाँकि, छात्रों की व्यक्तिगत रुचियों और सहज-योग्यताओं के आधार पर अलग-अलग मार्ग उपलब्ध हैं।

# स्कूल के लिए नामांकन करना

अपने बच्चे को स्कूल के लिए नामांकित करने के लिए, आपको सबसे पहले पड़ोस या शहर जहाँ आप रहते/रहती हैं में स्कूलों के लिए उत्तरदायी स्कूल बोर्ड से संपर्क करना चाहिए। स्कूल बोर्ड आपको बताएगा कि क्या करना है, और स्वागत प्रक्रिया पर जानकारी और उन लोगों के नाम प्रदान करेगा जिन्हें आपको अपने बच्चे को नामांकित करवाने के लिए अवश्य संपर्क करना चाहिए, ताकि वह स्कूल शुरू कर सके। अपने स्थानीय स्कूल बोर्ड के नाम को खोजने के लिए www.education.gouv.qc.ca, पर जाएँ, पेज के नीचे तक स्क्रॉल करें और “Trouver une école” पर क्लिक करें। खोज फंक्शन केवल फ्रेंच में उपलब्ध है। यदि आप चाहें, तो निम्नलिखित टोल-फ्री नंबर का उपयोग करके शिक्षा और उच्च शिक्षा मंत्रालय (Ministère de l’Éducation et de l’Enseignement supérieur) के सामान्य जानकारी विभाग को टेलीफोन कर सकते/सकती हैं: 1-866-747-6626.

अपने बच्चे का नामांकन करवाते समय, आपसे निम्नलिखित के मूल दस्तावेजों सहित कई दस्तावेजों को प्रदान करने के लिए कहा जाएगा:

- आपके आवासीय पते के दो प्रमाण (बिजली का इनवॉइस, टेलीफोन का इनवॉइस, सरकार की ओर से पत्र, पट्टा, आदि)।
- यदि आप किसी परिवारिक सदस्य या किसी अन्य व्यक्ति के साथ रह रहे/रही हैं और पते का प्रमाण नहीं है, तो जिस व्यक्ति के साथ आप रह रहे/रही हैं उसे एक फार्म अवश्य भरना चाहिए और उसके आवासीय पते को दर्शाने वाले दो दस्तावेज उपलब्ध कराने चाहिए।
- आपके बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र (फ्रेंच या अंग्रेजी में अनुवादित)।
- अद्यतन आप्रवासन दस्तावेज।

निम्नलिखित दस्तावेज, यदि आपके पास हैं, तो उपयोगी होंगे:

- एक वैध पासपोर्ट
- आपके बच्चे के शिक्षा के स्तर को दर्शाने वाला कोई दस्तावेज़ (उदाहरण के लिए कोई स्कूल रिपोर्ट कार्ड)
- आपके बच्चे का स्वास्थ्य रिकार्ड
- विशिष्ट आँकलन, उदाहरणार्थ किसी मनोवैज्ञानिक या स्पीच थेरेपिस्ट द्वारा किया गया